वार्षिक समारोह

संत बाल योगेश्वर भारतीय विद्या मंदिर डडवाड़ा में 30 नवंबर 2022 बुधवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री जम्मू-कश्मीर श्री निर्मल कुमार सिंह जी, मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय सीएसआर एवं अभिलेखागार प्रमुख विद्या भारती श्री प्रदीप कुमार जी , भारतीय शिक्षा समिति के संगठन मंत्री श्री कन्हैया प्रताप जी, महामंत्री विद्या भारती जम्मू कश्मीर हरि भूषण जी, प्रांत मंत्री शिक्षा समिति श्रीमती रजना बजाज जी तथा उनके पति श्री अरुण बजाज जी, रामवन के प्रधानाचार्य एवं विज्ञान प्रमुख श्री प्रदीप कुमार जी, भारतीय शिक्षा समिति के अन्य सदस्य, इनके अतिरिक्त डीडीसी बिलावर बिक्रम सिंह जी, विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्री चरण दास गुप्ता जी, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता शर्मा जी अन्य आचार्य गण , मातृ भारती के सदस्य, पूर्व छात्र, तथा अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन के द्वारा की गई। इसके पश्चात सरस्वती वन्दना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा योगा प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा उपस्थित अतिथियो का स्वागत स्वागतम गीत द्वारा किया गया। इसके उपरांत शिशु वाटिका के बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती सविता शर्मा जी द्वारा गत वर्ष 2022 का विद्यालय वृत्त प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी, तीसरी ,चौथी तथा पांचवी के बच्चों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई।इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा संगीत आचार्य प्रीतम जी द्वारा रचित विद्यालय की गतिविधियों को दर्शाता हुआ एक डोगरी गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता श्री प्रदीप कुमार जी ने अपने अनमोल वचनों से उपस्थित सभी अतिथि गणों, अभिभावक और विद्यार्थियों को कृतार्थ किया।इसके पश्चात विद्यालय के एनसीसी छात्राओं द्वारा भारतीय सैनिकों के ऊपर रचित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्री निर्मल कुमार जी ने अपने वचनों द्वारा सब का मनोबल बढ़ाया तथा विद्यालय की उन्नति के लिए बधाई दी।

इसके पश्चात विद्यालय की पत्रिका उत्थान के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया गया और सभी को इसके लिए बधाई दी गई। कक्षा छठी, सातवीं और आठवीं के बच्चों द्वारा शिक्षा विषय को दर्शाती हुई एक गतिविधि तथा कक्षा नवमी ,दसवीं तथा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा भारत की बहु संस्कृति को दर्शाती हुई एक गतिविधि प्रस्तुत की गई जिसमें सभी के मन को मोह लिया।

अंत में गत वर्ष 2021- 22 में कक्षा दसवीं तथा नवमी के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी सर्वश्रेष्ठ खेल

प्रतिभागी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया। तत्पश्चात ऑडियो क्लिप द्वारा संत श्री बालक योगेश्वर दास जी महाराज के आशीष वचनों को सुनाया गया। जिसमें महाराज जी ने विद्यालय की उन्नयन के लिए बधाई दी और सबको अपना आशीर्वाद दिया।

अंत में विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष श्री चरण दास गुप्ता जी द्वारा उपस्थित सभी अतिथि गणों का

धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम द्वारा किया गया।